

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF | BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS | शिक्षक I[st] ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 10 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 10 दिसंबर का इतिहास

- **1992 :** गुजरात में देश की पहली होवरक्राफ्ट सेवा शुरू हुई।
- **1998 :** अमर्त्य सेन को स्टॉकहोम में अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **1950 :** मानव अधिकार दिवस घोषित किया गया।
- **1799 :** मीट्रिक सिस्टम अपनाने वाला फ्रांस दुनिया का पहला देश बना।
- **1903 :** पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## 10 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- संघ लोक सेवा आयोग 2023 से भारतीय रेलवे के लिए अलग परीक्षा आयोजित करेगा। इस संदर्भ में हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा घोषणा की गई है। घोषणा के मुताबिक भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा की भर्ती विशेष रूप से डिजाइन की गई एक परीक्षा के माध्यम से की जाएगी। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 2023 में इस परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा। IRMS मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र अभ्यर्थियों को सिविल सेवा परीक्षा में बैठना होगा। सिविल सेवा परीक्षा 2023 का उपयोग IRMS (मुख्य) परीक्षा हेतु उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग के लिए किया जाएग, इसलिए IRMS-2023 को उसी के कार्यक्रमानुसार अधिसूचित किया जाएगा।
- टेक्नोटेक्स 2023 कर्टेन रेजर इवेंट का आयोजन किया गया। टेक्नोटेक्स 2023 का आयोजन 22 से 24 फरवरी 2023 के दौरान मुंबई में किया जाएगा। यह टेक्नोटेक्स टेक्सटाइल उद्योग से जुड़ा भारत का प्रमुख शो है। राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री के सहयोग से वस्त्र मंत्रालय द्वारा आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भारत और विश्व के शीर्ष सीईओ, निर्माताओं, उद्योग सहकर्मियों आदि से मिलने हेतु लोगों की पहुंच और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करना है। टेक्नोटेक्स 2023 स्टार्टअप उद्यमियों के लिए एक अच्छा अवसर प्रदान करेगा।
- दवाई पहुंचाने के लिए भारत का पहला ड्रोन स्टेशन मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिले के जेंगजल अनुमंडलीय अस्पताल में स्थापित किया गया है। मेघालय ड्रोन का उपयोग कर दवाई पहुंचाने वाला पहला राज्य बन गया है। ड्रोन का इस्तेमाल टीकों, दवाओं और आपातकालीन किटों को पहुंचाने के लिए किया जाएगा। ड्रोन की पेलोड क्षमता तीन-पांच किलोग्राम है। दवा वितरण को तृतीय पक्ष ड्रोन लोजिस्टिक्स सेवा प्रदाता टेकईगल द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत में स्वास्थ्य और विज्ञान में परिवर्तन लाने में अग्रणी महिलाएं विषय पर एक सम्मेलन का उद्घघाटन किया।
- भारत की और से श्रीलंका को डेयरी उद्योग और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। इससे नकदी की कमी से जूझ रहे इस देश की आयातित दुग्ध उत्पादों पर निर्भरता को कम किया जा सके। श्रीलंका के राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा कि अमूल ब्रांड के तहत दूध का विपणन करने वाले राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के अधिकारियों ने श्रीलंका में दूध के उत्पादन के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए कदम उठाए हैं।
- नागपुर मेट्रो ने 3140 मीटर लंबा डबल डेकर वायाडक्ट का निर्माण करके सफलतापूर्वक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है और इसे नागपुर में वर्धा रोड द्वारा हासिल किया गया था। वर्धा रोड पर 3.14 किलोमीटर लंबे डबल डेकर वायाडक्ट में तीन मेट्रो स्टेशन छत्रपति नगर, जय प्रकाश नगर और उज्जवल नगर है। इन स्टेशनों को विशेष योजना की आवश्यकता होती है जो साइट विशिष्ट बाधाओं और डबल डेकर वायडक्ट आवश्यकताओं को विधिवत शामिल करते हुए थीमट्रो की कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्टेशन विशिष्ट हैं।
- खाद्य एवं कृषि संगठन की नई रिपोर्ट द फ्यूचर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर-ड्राइवर्स और ट्रिगर्स फॉर ट्रांसफॉर्मेशन के अनुसार अगर कृषि और खाद्य प्रणाली भविष्य में भी वर्तमान जैसी ही रही तो आने वाले समय में विश्व की निरंतर की खाद्य असुरक्षा की समस्या का सामना करना पड़ेगा। इस रिपोर्ट का उद्देश्य कृषि और खाद्य प्रणालियों के स्थायी, लचीले और समावेशी भविष्य के लिये रणनीतिक सोच तथा कार्यों को प्रेरित करना है।
- यूएस थिंक टैंक अर्ली वार्निंग प्रोजेक्ट की हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत उन देशों में 8वें स्थान पर हैं, जो 2022 और 2023 में सामूहिक हत्या के लिए सबसे अधिक जोखिम में है। 2022-23 की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान इस साल सूची में सबसे ऊपर है, यमन दूसरे स्थान पर हैं, म्यांमार तीसरे, इंथियोपिया पांचवें, नाइजीरिया छठे और अफगानिस्तान सातवें स्थान पर है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. मानवाधिकार दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 दिसंबर (B) 11 दिसंबर
(C) 12 दिसंबर (D) 13 दिसंबर

**(A)** मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है। वर्ष 1948 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर को हर साल इसे मनाये जाने की घोषणा की गइ थी। इसे सार्वभौमिक मानव अधिकार घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मान में प्रतिवर्ष इसे विशेष तिथि पर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में मानव अधिकार दिवस आधिकारिक तौर पर 1950 में 4 दिसंबर को स्थापित किया गया था।




**2. अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि हर साल कब मनाई जाती है ?**

(A) 10 दिसंबर (B) 11 दिसंबर
(C) 12 दिसंबर (D) 13 दिसंबर

**(A)** अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि हर साल 10 दिसंबर को मनाई जाती है। नोबेल पुरस्कार हर साल अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में स्वीडिश केंद्रीय बैंक द्वारा दिया जाता है। 126 साल पहले आज ही के दिन 10 दिसंबर 1896 में डायनामाइट की खोज करने वाले वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल का निधन हुआ था। उनके निधन के पांच साल बाद 10 दिसंबर 1901 में पहली बार नोबेल सम्मान दिए गए थे।



**3. हाल ही में एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय कौन है ?**

(A) साइना नेहवाल (B) अमि घिआ
(C) उन्नति हुड्डा (D) पीवी सिंधु

**(C)** हाल ही में एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला उन्नति हुड्डा बन गई है। वह महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक मैच में थाईलैंड की सरूनराक विटिडसन से हार गई।



**4. किस उच्च न्यायालय ने मंदिरों के अंदर मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है ?**

(A) मद्रास उच्च न्यायालय (B) दिल्ली उच्च न्यायालय
(C) हैदराबाद उच्च न्यायालय (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंदिरों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। न्यायालय के अनुसार मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का कदम पूजा स्थलों की पवित्रता बनाए रखने में उपयोगी होगा। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि लोगों को असुविधा से बचाने के लिए मंदिरों में फोन जमा करने के लिए लॉकर स्थापित किए जाने चाहिए और इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।




**5. हाल ही में वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज कौन बने है ?**

(A) रोहित शर्मा (B) विराट कोहली
(C) हार्दिक पांड्या (D) शिखर धवन

**(A)** हाल ही में वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज रोहित शर्मा बने है। रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले वनडे के दौरान यह रिकॉर्ड बनाया। रोहित शर्मा ने मैच में 31 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 27 रन बनाए। उन्होंने 87.09 के स्ट्राइक रेट से प्रहार किया।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. हाल ही में किस राज्य ने आरक्षण बढ़ाकर 76% करने के लिए विधेयक पारित किया है ?**

(A) छत्तीसगढ़ (B) उत्तराखंड

(C) कर्नाटक (D) ओडिशा

**(A)** छत्तीसगढ़ विधानसभा ने सर्वसम्मति से सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए आरक्षण को 76% करने के लिए दो संशोधन विधेयक पारित किए। इन विधेयकों के अनुसार अनुसूचित जनजाति को अब 32%, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% और अनुसूचित जाति को 13% को कोटा मिलेगा, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सार्वजनिक रोजगार और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में 4% आरक्षण मिलेगा।



**7. हाल ही में किस युगल जोडी ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में मिक्स्ड टीम पिस्टल का खिताब जीता ?**

(A) अंजलि और सागर (B) दिव्या और इमरोज

(C) यशस्वी और अभिनव (D) मनु भाकर और सरबजोत

**(D)** मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने भोपाल में एमपी शूटिंग अकादमी रेंज में 65वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता। इस जोड़ी ने कर्नाटक की दिव्या टीएस और इमरोज को 16-4 से हराया। मनु और सरबजोत क्वालीफिकेशन दौर में भी 575 अंक से शीर्ष पर रहे थे जबकि कर्नाटक की जोडी ने 573 अंक जुटाये थे।



**8. भारतीय कला और संस्कृति के संदर्भ में तेराताली क्या है ?**

(A) लोक संगीत (B) साहित्य

(C) लोक नृत्य (D) चित्रकारी

**(C)** तेराताली नृत्य मध्यप्रदेश की कमर या कंवर जनजाति द्वारा किए जाने वाले एक धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा है। यह नृत्य केवल महिलाओं के द्वारा किया जाता है। मंजीरा नामक एक वाद्य यंत्र का प्रयोग इस अनुष्ठानिक नृत्य में किया जाता है, जो कलाकारों के पूरे शरीर पर विशेष रूप से उनके पैरों में बंधा होता है।



**9. हाल ही में कौनसा देश मॉरेलिटी पुलिस का भंग करेगा ?**

(A) फ्रांस (B) ईरान

(C) संयुक्त अरब अमीरात (D) रूस

**(B)** ईरान में मॉरल पुलिस यानी नैतिकता पुलिस की यूनिटों को भंग करने का फैसला किया गया। इस पुलिस का काम इस्लामिक ड्रेस कोड लागू करना था जिसमें हिजाब भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान ने हिरासत में एक युवती की मौत पर महीनों तक विरोध प्रदर्शन देखा गया है।




**10. बुडापेस्ट कन्वेंशन किस क्षेत्र से संबंधित है ?**

(A) खाद्य सुरक्षा (B) साइबर अपराध

(C) जलवायु परिवर्तन (D) बाल श्रम

**(B)** काउंसिल ऑफ यूरोप के साइबर क्राइम कन्वेंशन को बुडापेस्ट कन्वेंशन के नाम से जाना जाता है। इसे साल 2001 में हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत किया गया जो 2004 में लागू हुआ। यह कन्वेंशन साइबर क्राइम पर कानूनी रूप से बाध्यकारी एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय संधि है।




डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य कलासेज